समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# भारत पाकिस्तान तनाव के बीच चमका सोना, चांदी हुई सस्ती, जाने 9 मई 2025 को आपके शहर के नए रेट्स।

Publisher

Published on 09 May 2025



**चांदी का भाव दिल्ली, कोलकाता और मंबई मे 98,900 रुपये प्रति किलो है. अगर अमेरिका मे सोने के दाम की बात करे तो वहां भी निवेशक इस वक्त इसी मे पैसे लगाना सुरक्षित निवेश मान रहे है.**

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सोने की चमक भी लगातार बढ़ती जा रही है. 23 अप्रैल को पहली बार ऐतिहासिक एक लाख रुपये के रिकॉर्ड को पहुंचकर नीचे आया सोना फिर से ऊपर चढ़ रहा है. गुरुवार के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को फिर सोने की कीमत में इजाफा हुआ है. ऐसे में आइये जानते हैं 9 मई 2025 शुक्रवार को किस भाव पर सोना बिक रहा है. 24 कैरेट सोना 99,610 रुपये प्रति दस ग्राम की दर से बिक रहा है. गुड रिटर्न्स वेबसाइट का मुताबिक, चांदी का दाम 100 रुपये टूटकर 98,900 रुपये प्रति किलो के भाव पर आ गई है.

फिर से ऊपर चढ़ रहा सोना
22 कैरेट सोना 91,310 रुपये की दर से बिक रहा है जबकि 24 कैरेट सोने का दाम मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में 99,610 रुपये प्रति 10 ग्राम है. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां पर 24 कैरेट सोना 99,760 रुपये की दर से बिक रहा है. तो वहीं मुंबई में 22 कैरेट सोना कोलकाता, बेंगलुरू, चेन्नई और हैदराबाद की तरह ही 91,310 रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है. दिल्ली में 22 कैरेट सोना के भाव 91,460 रुपये है.

चांदी का भाव दिल्ली, कोलकाता और मंबई में 98,900 रुपये प्रति किलो है. अगर अमेरिका में सोने के दाम की बात करें तो वहां भी निवेशक इस वक्त इसी में पैसे लगाना सुरक्षित निवेश मान रहे हैं. उसकी वजह उनकी नजर इस हफ्ते के आखिर में होने वाले अमेरिकी चीन व्यापारिक वार्ता पर टिकी है.

निवेशकों की अब भी पहली पसंद

स्पॉट गोल्ड 0.1 प्रतिशत बढ़कर 3,309.39 डॉलर प्रति औंस हो गया है. यूएस गोल्ड फ्यूचर्स 0.3 प्रतिशत ऊपर चढ़कर 3,314.20 पर आ गया है. जबकि स्पॉ गोल्ड में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान 2 प्रतिशत की गिरावट आयी थी और ये गिरकर 3,288.39 औंस प्रति डॉलर पर आ गया था. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ब्रिटेन के बीच व्यापारिक वार्ता पर अंतिम मुहर लगने के बाद ये डेवलपमेंट देखने को मिला था.

स्पॉट सिल्वर 0.4 प्रतिशत गिरकर 32.37 डॉलर प्रति औंस हो गई है तो वहीं प्लेटिनम गोल्ड 0.5 प्रतिशत ऊपर चढ़कर 980.62 डॉलर हो गई है. इसी तह पैलेडियम गोल्ड 0.3 प्रतिशत गिरकर 973.04 डॉलर हो गई है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.